नकली कीटनाशक दवा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, 1 करोड़ की नकली दवा जब्त

बांका: बिहार के बांका में कृषि विभाग ने नकली कीटनाशक बनाने वाली फैक्ट्री पर दबिश दी है. बांका-ढाकामोड़ मुख्य मार्ग के किनारे शहर स्थित पावर ग्रीड के सामने एक मकान में वायर कंपनी के नकली कीटनाशक 'नोटिवो' दवा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया है. इस छापेमारी में कंपनी से करीब एक करोड़ रुपये से अधिक की नकली दवा बरामद हुई है.

फैक्ट्री संचालक गिरफ्तार: जांचकर्ता रंजीत कुमार ने नकली कीटनाशक दवा बेचने की शिकायत जिला कृषि पदाधिकारी से की थी. जिसके बाद डीएओ दीपक कुमार के निदेश पर विभाग के तीन सदस्यीय टीम और स्थानीय पुलिस पदाधिकारी के साथ मकान में छापेमारी की. जहां से कंपनी के भारी मात्रा में नकली कीटनाशक दवा का पॉकेट के अलावे उपयोग किए जाने वाले रसायन, रेपर और पैकिंग मशीन जब्त कर लिया गया है. पुलिस ने फैक्ट्री संचालक कुंज बिहारी साह को गिरफ्तार कर लिया है.

एक करोड़ की नकली दवा बरामद: कृषि पदाधिकारी ने बताया कि फैक्ट्री पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में वायर कंपनी के नेटिवो नामक कीटनाशक दवा भरा करीब 6 हजार 50 पाकेट, खाली रैपर करीब 55 सौ, तीन बोरे में करीब 85 किलो उपयोग किये जाने वाली रसायन और पैकिंग मशीन जब्त की गई है. इस संबंध में जांचकर्ता ने बताया कि शहर के करहरिया मोहल्ला शीतला स्थान मंदिर के सामने एक मकान में वायर कंपनियों के ब्रांडनेम से नकली कीटनाशक बनाये जाने की सूचना मिली थी. जिस पर गठित टीम में शामिल सहायक निदेशक पौधा संरक्षण सुजीत कुमार पाल, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी पंकज कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल बैठा के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया.

दूसरे जिले में भी होती थी सप्लाई: मैनेजर ने आगे बताया कि दुधारी चौक के पास स्थित कुशवाहा कृषि केंद्र दुकान में भी छापेमारी कर दस पाकेट दवा को बरामद किया है. जिसमें दुधारी गांव निवासी दुकानदार विदेश्वरी पंजियारा और नकली दवा फैक्ट्री संचालक कुंजबिहारी साह के विरुद्ध सदर थाने में मामला दर्ज कराया गया. बताया जा रहा है कि नकली कीटनाशक दवा को जिला के अलावे दूसरे जिले में भी धड़ल्ले से सप्लाई किया जा रहा था.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/fake-pesticide-manufacturing-factory-busted-in-banka-bihar-news-brs24102700749